राजस्थान सरकार
नगरीय विकास एवं आवासन विभाग

क्र. प.18(3)नविवि / I / 2015 जयपुर, दिनांक– 30 MAR 2016

आदेश

टेलीकम्यूनिकेशन कन्सलटेन्ट इण्डिया लिमिटेड़ (भारत सरकार का उपक्रम) द्वारा भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के लिए राज्य के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में ऑप्टिकल फाईबर केबल बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य हेतु नगरीय निकायों द्वारा लिये जा रहे रेन्टल व लैण्डयूज चार्जेज के संबंध में जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर विकास न्यास कोटा व नगर विकास न्यास अलवर तथा रक्षा विभाग व टी.सी.आई.एल. के अधिकारियों के साथ दिनांक 18.03.2016 को चर्चा की गयी। चर्चा उपरान्त इस उपक्रम द्वारा किये जा रहे कार्यों बाबत Restoration of digged trench के लिए निम्नानुसार राशि लिये जाने का प्रावधान किया जाता है :–

S. No.	Type of Surface	HDD (Rs. in lacs per Kilometer)	Trench Digging (Rs. in lacs per Kilometer)
1.	Earthen Ground	1.00	1.00
2.	Gravel/WBM/WMM	1.00	1.50
3.	BT	1.50	2.00
4.	Cement Concrete	10.00	20.00

HDD तकनीक का उपयोग करने पर पिट का अधिकतम क्षेत्रफल 2 मीटर X 2 मीटर होगा तथा अधिकतम 8 पिट प्रति किलोमीटर में अनुज्ञेय होंगे।

यदि पूर्व में विकास प्राधिकरण अथवा नगर विकास न्यास द्वारा टेलीकम्यूनिकेशन कन्सलटेन्ट इण्डिया लिमिटेड़ (भारत सरकार का उपक्रम), नई दिल्ली को उक्त कार्य हेतु कोई मांग पत्र जारी किया गया है तो उक्त दरों के आधार पर संशोधित मांग पत्र जारी किया जावे। पूर्व में विभाग द्वारा अन्य टेलीकॉम सर्विस प्रोवाईडर्स हेतु जारी विभागीय आदेश दिनांक 15.09.2015 में निर्धारित दरे टेलीकम्यूनिकेशन कन्सलटेन्ट इण्डिया लिमिटेड़ (भारत सरकार का उपक्रम) द्वारा रक्षा मंत्रालय हेतु किये जा रहे उक्त कार्य के लिए लागू नहीं होंगी।

30/3

(अशोक जैन)
अतिरिक्त मुख्य सचिव

Orders/Circulars